प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 18.06.2025 समय : 09:00 ए.एम.

0000

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जी–7 शिखर सम्मेलन में अपने संबोधन में कहा–अक्षय ऊर्जा के माध्यम से समाज की ऊर्जा आवश्यकताओं को स्थायी रूप से पूरा किया जा सकता है।
- प्रदेश में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत जन भागीदारी से जल स्त्रोतों की साफ सफाई और मरम्मत के काम किये जा रहे है।
- अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में योग शिविर और सामूहिक योगाभ्यास के आयोजन।
- प्रदेश में प्री मानसून बारिश का दौर जारी–मॉनसून के एक–दो दिन में प्रवेश करने की संभावना।

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कनाडा की यात्रा सफलतापूर्वक संपन्न करने के बाद आज सुबह क्रोएशिया रवाना हो गए। यह उनकी तीन देशों की यात्रा का तीसरा और अंतिम पड़ाव है। इससे पहले कल श्री मोदी ने कनाडा के कनांस्किस में 51वें जी7 शिखर सम्मेलन में अपने संबोधन में कहा कि एआई एक ऐसी तकनीक है जिसमें बड़े पैमाने पर ऊर्जा की आवश्यकता होती है। अक्षय ऊर्जा के माध्यम से ही प्रौद्योगिकी के सहारे चलने वाले समाज की ऊर्जा आवश्यकताओं को स्थायी रूप से पूरा किया जा सकता है। प्रधानमंत्री ने इस बात पर बल दिया है कि दीर्घकालिक स्तर पर सस्ती और विश्वसनीय ऊर्जा की व्यवस्था सुनिश्चित करना भारत की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि डीपफेक बड़ी चिंता का कारण है और इसलिए एआई से निर्मित सामग्री पर वॉटर मार्किंग की जानी चाहिए या स्पष्ट घोषणा की जानी चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस सदी में सभी देशों को प्रौद्योगिकी और तकनीक के लिए आपस में सहयोग करना होगा।

----

0000

इजराइल में राष्ट्रीय आपातकाल लागू है और हवाई क्षेत्र बंद है। ऐसे में तेल अवीव में भारतीय दूतावास ने कहा है कि जो लोग देश से जाना चाहते हैं, वे सड़क मार्ग से इजरायल की सीमा पार करने के विकल्पों का इस्तेमाल करें। इसके लिए दूतावास ने इजरायल में रह रहे भारतीय नागरिकों से पंजीकरण करने को कहा है। दूतावास ने लोगों को सतर्क रहने और इजराइली होम फ्रंट कमांड की ओर से जारी सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने की सलाह दी है। दूतावास ने कहा है कि इजरायल में सभी भारतीय सुरक्षित हैं और दूतावास लगातार वहां के हालात और अपने नागरिकों की सुरक्षा की निगरानी कर रहा है। उधर ईरान की राजधानी तेहरान में भारतीय दूतावास ने सुरक्षा कारणों से भारतीय विद्यार्थियों को शहर से बाहर भेज दिया है। इसके साथ ही जिन नागरिकों के पास आने जाने की अपनी व्यवस्था है उन्हें भी शहर से बाहर जाने को कहा गया है। दूतावास लगातार भारतीय समुदाय के सम्पर्क में है। विदेश मंत्रालय ने भारतीय नागरिकों की सहायता के लिए 24 घंटे का नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। इसके लिए कई हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं। टोल फ्री नम्बर हैं– 1800 118 797 और 91–11–23 01 21 13

0000

प्रदेश में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को पानी बचाने का संदेश दिया जा रहा है। इसके साथ ही जन भागीदारी से वर्षा जल संग्रहण के लिए पारम्परिक स्त्रोतों की साफ–सफाई की जा रही है। विभिन्न मंत्री अलग–अलग जिलों में जाकर अभियान के कार्यो की समीक्षा कर रहे है। इसी कड़ी में ऊर्जा मंत्री और टोंक जिले के प्रभारी हीरालाल नागर ने जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। श्री नागर ने प्राचीन जल संरचनाओं की साफ–सफाई और जीर्णोद्धार कामों में आम लोगों की भागीदारी पर जोर दिया। सवाईमाधोपुर में जल संसाधन विभाग की ओर से देवपुरा, मुई और ढील बांध पर जल संरक्षण गतिविधियों का आयोजन हुआ। पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने बाडमेर के जालीपा में श्रमदान किया। वहीं ब्यावर के पचानपुरा गांव मे आयोजित कार्यक्रम में केबिनेट मंत्री मदन दिलावर, अविनाश गहलोत तथा ओटाराम देवासी ने लोगों को अभियान का महत्व समझाया।

अभियान के तहत पुराने जल स्त्रोतों की मरम्मत के साथ ही नई जल संरचनाएं बनाने का काम किया जा रहा है। बांसवाडा के इटावा गांव में बने एनिकट में दस हजार क्यूबिक मीटर पानी इकट्ठा किया जा सकेगा। जिला कलेक्टर इन्द्रजीत यादव ने बताया कि इससे गांव के किसानों को बहुत लाभ पंहुचेगा।

0000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे आज बारां जिले के दौरे पर रहेंगे। वे वहां जिलास्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे और विभिन्न योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेंगे। इसके बाद वे शाहाबाद तहसील के भांतिपुरा गांव में मॉडल कॉलोनी का निरीक्षण करेंगे। इसके साथ ही राज्यपाल विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद भी करेंगे।

00000

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस काउन्टडाउन के सिलसिले में प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर योगाभ्यास कार्यक्रम हो रहे हैं। योग शिविरों के माध्यम से लोगों को योग को दिनचर्या में शामिल करने का संदेश दिया जा रहा है। साथ ही अन्य जागरूकता गतिविधियों के जरिये भी लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। इसी कडी में आज भरतपुर में योग भगाए रोग थीम पर जागरूकता रैली निकाली जायेगी। इससे पहले कल जैसलमेर के खुहडी, धोबा, सिपला और कुम्हार कोठा गांव के सरकारी स्कूलों में योग का अभ्यास किया गया। साथ ही नाचना में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर निजी और सरकारी अध्यापकों को योग का प्रशिक्षण दिया गया। सवाईमाधोपुर के कुश्तला में शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में योगाभ्यास कराया गया। अजमेर, पाली और झालावाड में भी विभिन्न स्थानों पर योगाभ्यास कार्यक्रम हुए।

0000

प्रदेश में प्री मानसून बारिश का दौर जारी है। कल राजधानी जयपुर सहित करीब 20 शहरों में बारिश हुई। डूंगरपुर में रातभर रूकरूक कर बरसात का सिलसिला चलता रहा। धौलपुर के बाडी में बारिश से निचले इलाकों में पानी भर गया। पाली के सोजत रानी और मारवाड जंक्शन में कल अच्छी बरसात हुई। वहीं जिला मुख्यालय पर आज सुबह से बारिश हो रही है। सवाईमाधोपुर में सुबह से बादल छाये हुए है और रिमझिम बरसात हो रही है। बाडमेर से हमारे संवाददाता ने बताया कि सेडवा, चौहटन और धनाउ, इलाकों में जमकर बादल बरसे जिसके चलते निचले इलाके जलमग्न हो गए।

मॉनसून पूर्व की इस बरसात से किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। वे खेतों में नई फसल की बुवाई शुरूआत करने में जुट गए है।

उधर तेज गर्मी से भी लोगों को राहत मिली है। तापमान में 3 से 9 डिग्री तक की गिरावट दर्ज की गई है। मॉनसून के एक–दो दिन में राज्य में प्रवेश करने की संभावना है। मौसम केन्द्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि मानसून के आगमन के साथ ही दक्षिण पूर्वी राजस्थान में भारी बारिश की संभावना है।

-----

0000